हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 17 नवंबर 2025

06 मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी



07 वार्ड को स्वच्छ बनाने में सब करें सहयोग : अरविंद राजा





### कूट रचित दस्तावेज तैयार कर पटवारियों के सहयोग से आरोपियों ने फर्जी तरीके से करा ली थी जमीन अपने नाम

# सरकारी जमीन का 'बोगस' खेलः 11 एकड़ भूमि को बताया निजी, दो पटवारी सहित 5 पर एफआईआर

कलेक्टर कार्यालय ने जांच के आदेश दिए, जिसमें पता चला कि किसानों के नाम दर्ज कराई गई जमीन का खसरा नंबर ही बोगस था। बिलकीसगंज थाने में मामला दर्ज।


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र में शासकीय भूमि को निजी बनाने का एक और बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के गांव रत्नाखेड़ी में दो पटवारियों ने तीन स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर 4.451 हेक्टेयर (लगभग 11 एकड़) सरकारी जमीन को धोखाधड़ी कर राजस्व रिकॉर्ड में निजी बता दिया।

मामला तब उजागर हुआ जब जमीन के खरीदारों द्वारा वर्षों तक नामांतरण न हो पाने के बाद पीड़ित पक्ष ने शिकायत की। कलेक्टर कार्यालय ने जांच के आदेश दिए, जिसमें पता चला कि किसानों के नाम दर्ज कराई गई जमीन का खसरा नंबर ही बोगस था। कलेक्टर के सख्त निर्देश पर बिलकिसगंज पुलिस ने इस जालसाजी में शामिल दो पटवारियों सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला :** मामला वर्ष 2003 से 2005 के बीच का है। सीहोर तहसीलदार की ओर से प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक इकरार अहमद, अनसार अहमद और निसार अहमद (सभी रत्नाखेड़ी निवासी) ने तत्कालीन पटवारियों हरिसिंह चौहान और जितेंद्र कौशल के सहयोग से कूटरचित दस्तावेज तैयार किए।

इन्होंने ग्राम रत्नाखेड़ी की शासकीय भूमि के तीन खसरा नंबर खसरा क्रं. 67/3 रकबा 1.214 हेक्टेयर, खसरा क्रं. 67/2 रकबा 1.214 हेक्टेयर, खसरा क्रं. 66/1 रकबा 2.023 हेक्टेयर को फर्जी तरीके से तीनों अनावेदकों के नाम दर्ज करवा दिया, जबकि यह भूमि पूरी तरह से शासकीय संपत्ति थी।



#### नामांतरण नहीं होने पर हुआ धोखाधड़ी का खुलासा

सूत्रों के अनुसारए जब इन आरोपियों ने यह फर्जी तरीके से दर्ज कराई गई भूमि किसी अन्य व्यक्ति को बेच दीए तो खरीददार पक्ष का नामांतरण लंबे समय तक नहीं हो पाया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने शिकायत की, जो कलेक्टर तक पहुंची। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए। जांच में स्पष्ट हुआ कि बिना किसी सक्षम अधिकारी के आवंटन या नामांतरण आदेश के, पटवारियों और अनावेदकों ने षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेज बनाए और शासकीय भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया। कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश के पालन में अब तहसीलदार द्वारा उक्त भूमि को पुनः राज्य शासन के नाम दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

**पटवारी सहित इनके खिलाफ एफआईआर :** बिलकिसगंज पुलिस ने तहसीलदार के पत्र के आधार पर आरोपी इकरार अहमद पिता निशार अहमद, अनसार अहमद पिता निशार अहमद, निसार अहमद पिता शफीक अहमद, पटवारी हरिसिंह चौहान (पदस्थ 3 जनवरी 2003 से 3 दिसंबर 2003), पटवारी जितेंद्र कौशल (पदस्थ 12 फरवरी 2004 से 10 सितंबर 2004) के खिलाफ विभिन्न धारा जिनमें षडयंत्र (आईपीसी 120बी) और धोखाधड़ी (आईपीसी 420); शामिल हैं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है और तत्कालीन पदस्थ पटवारियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

#### सरकारी भूमि पर लगातार हो रही है गड़बड़ी

बता दें यह जिले में सरकारी जमीन से छेड़छाड़ का कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी राजस्व मंत्री के क्षेत्र में भंवरा के पटवारी को अवैध नामांतरण के आरोप में निलंबित किया गया था। वहीं इछावर विधानसभा क्षेत्र में एक अन्य पटवारी ने धोखाधड़ी कर करीब 45 एकड़ सरकारी जमीन अपने साथियों के नाम कर दी थी, जिसके बाद उस पर भी प्रकरण दर्ज किया गया था।

## खबर संक्षेप



### शिविर लगाकर की गई 1283 मरीजों की स्क्रीनिंग

**सीहोर।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं मे मधुमेह की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। स्वास्थ्य शिविरों में मरीजो की जाँच एवं उपचार किया गया तथा उन्हें मधुमेह से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित शिविरों में कुल 1283 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 180 मरीजों को शुगर और 296 मरीजों में हाइपरटेंशन चिन्हांकित किया गया।

### खिलाड़ियों ने जीते राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक

**सीहोर।** मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर मास्टर्स गेम्स के खिलाड़ियों ने कई खेलों में भाग लेकर पदक जीते। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने आरए सिद्दिकी हॉकी कोच के सहयोग से प्रतियोगिता में भाग लिया। सीहोर मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बताया कि मास्टर्स गेम्स उन खिलाड़ियों को खेलने का मौका देता है, जो किसी भी कारण से जीवन में खेलने का सपना पुरा नहीं कर पाते हैं। मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में 30 से 100 साल तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जा सकते हैं।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

## शराब कारोबारी पिता-पुत्र ने रात के अंधेरे में युवा किसान व उसके दोस्त पर किया जानलेवा हमला

#### पिता-पुत्र सहित एक अन्य पर शाहगंज थाने में मामला दर्ज

**सीहोर।** शाहगंज क्षेत्र में शराब के मामले को लेकर एक युवा किसान और उसके दोस्त पर शराब कारोबारी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। घटना 10 नवंबर की रात की है जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ने डर के कारण पांच दिन बाद 15 नवंबर को शाहगंज थाने में दर्ज कराई।

शाहगंज थाना पुलिस ने पीड़ित आयुष जोशी (22), पिता कामता प्रसाद जोशी निवासी शाहगंज की शिकायत पर तीन आरोपियों राजेश गुर्जर, मंशाराम और दीपक पिता मंशाराम के खिलाफ आईपीसी की



संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### रात 11 बजे की मारपीट

एफआईआर के अनुसार युवा किसान आयुष जोशी जो खेती किसानी का काम करते हैं। 10 नवंबर की रात करीब 11 बजे अपने खेत से वापस लौट रहे थे। शाहगंज से बुदनी रोड पर शनि मंदिर के पास तीनों आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने आयुष पर आरोप लगाया कि वह दारू बेचता है, जब आयुष ने इस बात से इनकार किया तो आरोपी मंशाराम ने उन्हें मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। शिकायत के मुताबिक गाली देने से मना करने पर मंशाराम ने आयुष को थप्पड़ों और मुक्कों से मारा, जिससे उसके सिर और पीठ में चोट आई। दीपक ने लातों से पीठ और पैरों पर मारा, जबकि राजेश गुर्जर ने प्लास्टिक के पाइप से आयुष के दोनों पैरों पर वार किया।

#### बचाने आए दोस्त पर भी हमला

पीड़ित आयुष जोशी की आवाज सुनकर बुदनी तरफ से आ रहे चेतन नामदेव रुक गए। जब चेतन ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी नहीं छोड़ा। तीनों ने चेतन नामदेव के साथ भी गालियां देकर थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जिससे चेतन के दोनों पैरों, सिर और पीठ में चोटें आईं। तीनों आरोपी मारपीट करने के बाद दोनों युवकों को यह धमकी देते हुए चले गए कि अगर थाने में रिपोर्ट की तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे।

डर के कारण आयुष और चेतन ने तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। आयुष ने 15 नवंबर को अपने पिता कामता प्रसाद जोशी को पूरी घटना बताने के बाद थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आवेदन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन-4 पोर्टल के कारण यह संभव हो सका है। यही नहीं, एक और बड़ी सुविधा मिल रही है। प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में अपने वाहनों पर अति सुरक्षा पंजीयन पट्टिका (हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट) लगवा सकेंगे। भारत सीरीज (बीएच सीरीज) से संबंधित पंजीयन नंबर वाहनों के लिए ऑनलाइन ही प्राप्त किए जा सकते हैं। बता दें कि नया चार पहिया वाहन खरीदते समय अधिकांश लोग भोपाल आरटीओ नंबर लेना पसंद करते हैं। ऐसे में कई बार डीलर इसके लिए अतिरिक्त खर्च भी जोड़ते हैं।

## स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा तकनीक की जानकारी देने के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शिक्षा गूंज कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों का नामांकन बढाने और डिजिटल शिक्षण तकनीकों की जानकारी देने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।





इस कार्यक्रम में शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने और शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को सरल व आकर्षक बनाने के हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जिन विद्यालयों में इंटरेक्टिव पैनल और स्मार्ट टीवी है उनके प्रभावी उपयोग के संबंध में भी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल शिक्षण सामग्री, विषयों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत करना और कक्षा में इंटरऐक्टिव पैनलों के उपयोग से बच्चों में सीखने की रुचि एवं दक्षता बढ़ती है। डाइट प्राचार्य ने बताया कि जिले के 99 विद्यालयों में पैनल स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है और आगामी समय में अन्य विद्यालयों को भी इस डिजिटल पहल से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आईसीटी टूल्स जैसे इंटरेक्टिव पैनल, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, पीपीटी, डिजिटल क्विज एवं एआई का इस्तेमाल करके पढाई को रुचिकर बनाना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य अनिता बड़गूजर, एपीसी एकेडमिक्स सुरेंद्र यादव सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

### अंबर जैन बने कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिलाध्यक्ष



**सीहोर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल सांसद चांदनी चोक, एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 गोविंद दास असाटी, उमेश तिवारी, राजीव खंडेलवाल की अनुसंशा पर अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के प्रांतीय अध्यक्ष से विचार विमर्श उपरांत अम्बर जैन को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स मध्यप्रदेश के सीहोर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया हैं। साथ आशा व्यक्त है कि आप संगठन को अपनी सक्रिय गतिविधियों से और मजबूती प्रदान करेंगे। संगठन ने आप पर जो विश्वास व आस्था व्यक्त की है, आशा है, आप उस पर खरे उतरेंगे। अम्बर जैन ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसका में पुरी ईमानदारी व सक्रीयता के साथ निर्वहन करुंगा। जैन को अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन, शील जैन, अजय जैन ज्योति बुक, सुनील जैन, कमलेश पारीक, सुदीप लोवनिया, राकेश मेवाड़ा, सतीश धाकड़, हेमंत रूठिया, नितिन जैन, शैलेश राठी, डॉ. गगन नामदेव, डॉ. अमित मोदी सहित समस्त व्यापारीगण शामिल हैं।

### प्रेस दिवस पर पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित

# कार्यक्रम में वक्ता बोले- निष्पक्ष पत्रकारिता समाज का आईना





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

प्रेस दिवस के अवसर पर रविवार को नगर में पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण परिहार, सिद्धनाथ चौधरी, विजय गोयन, हरिनारायण राठौर, गोकुल चौहान, दयाराम खजुरिया, महेश सूर्यवंशी, मधु बाला परिहार मौजूद रहे। पत्रकारों का पुष्पमाला एवं पेन भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकार साथी संतोष बैरागी, प्रेम सोनी, जाफर हुसैन, दारा सिंह आर्य, मुकेश बीजापारी, संदीप जैन, ओम चावड़ा, दिनेश बरेठा, गौरीशंकर सूर्यवंशी, गोरधन कुंभकार, देवेंद्र परमार को सम्मानित किया गया।

#### पत्रकारिता समाज का दर्पण : कविता शर्मा

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना और सरकार एवं जनता के बीच मजबूत सेतु है। उनकी लेखनी निडर, निष्पक्ष और सत्य पर आधारित हो, यही एक सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। आज भी कई स्थानों पर प्रेस को स्वतंत्र होने की जरूरत है, इसलिए पत्रकारिता का सम्मान और सुरक्षा दोनों आवश्यक है।

#### पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग

पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष बैरागी ने कहा कि प्रेस दिवस हमें स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाता है। पत्रकार हर परिस्थिति में जनता और सरकार के बीच सच्चाई लाने का कार्य करते हैं। कई बार जानलेवा हमलों का सामना भी करना पड़ता है। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनना समय की आवश्यकता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष दारा सिंह आर्य ने कहा कि पत्रकारिता तब ही सशक्त बनती है जब वह किसी भी प्रकार की गुलामी या दबाव से मुक्त हो। पत्रकार स्वतंत्र रहेगा तो समाज का सही आईना बन पाएगा। पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना चाहिए, जिससे पत्रकार निडर होकर कार्य कर सकें। कार्यक्रम को गौरीशंकर सूर्यवंशी सहित कई वक्ताओं ने पत्रकारों को प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। साथ ही प्रेस क्लब के अन्य सदस्य और युवा पत्रकार भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## अब सोयाबीन के मॉडल रेट में 151 रुपए बढ़े, किसानों को नहीं होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश शासन ने 8 नवंबर से सोयाबीन के मॉडल रेट निर्धारण में बदलाव किया है। अब हर दिन मॉडल रेट तय हो रहे हैं। उसी के अनुरूप खरीदी की जा रही है। हालांकि, निर्धारित रेट से कम में भी किसी किसान का सोयाबीन बिका, तब भी उसे भावांतर की उतनी ही राशि मिलेगी। अभी जो रेट प्रतिदिन निर्धारित हो रहे हैं, उनमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 7 दिनों में मॉडल रेट में 151 रुपए बढ़े हैं। शुक्रवार को मॉडल प्राइज 4184 रुपए प्रति क्विंटल रहा। इसका भावांतर भी 5328 रुपए के हिसाब से ही होगा। बता दें कि कृषि उपज मंडी में 24 अक्टूबर से भावांतर योजना के तहत सोयाबीन उपज बिक रही है। शुक्रवार को प्रदेश की मंडियों में भावांतर का मॉडल रेट 4184 रुपए प्रति क्विंटल रहा। जिन किसानों का सोयाबीन 4184 रु. प्रति क्विंटल में बिका है, उनके खाते में भावांतर की राशि 1144 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से आएगी।



### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

*सीहोर। निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय मप्र उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया है। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाए।*

**खबर संक्षेप**

## विक्रम सिंह गेहलोद का निधन, दी श्रद्धांजलि



**चापडा।** मोखापिपलिया निवासी स्व. भागीरथ सिंह गेहलोद के पुत्र एवं स्व. गुलाब सिंह गेहलोद, भारत सिंह गेहलोद पूर्व जनपद सदस्य दूल्हे सिंह गेहलोत के अनुज, अर्जुन और राजेन्द्र के पिता उप सरपंच विक्रम सिंह गेहलोद का दुखद निधन रविवार को हो गया। विक्रम सिंह गेहलोद भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता, सेवा सहकारी संस्था मातमोर के अध्यक्ष, ग्राम पंचायत मौखापिपलिया में उपसरपंच और राजपूत समाज के अध्यक्ष के पद पर रहे।असमय हुए निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधुओ सहित आसपास के ग्रामीण अंतिम संस्कार में पहुंचे। मुक्तिधाम पर धर्मेंद्र सेंधव, सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार,शांतिलाल यादव, विष्णु प्रसाद जोशी, मायाराम जाट , उप सरपंच रामेश्वर पटेल, बलवान सिंह सेंधव नागेंद्र सिसोदिया, रामनारायण यादव, सूरज सिंह दरबार सारोल, जोगेंद्र सिंह सेंधव, सज्जन सिंह सेंधव, पूर्व सरपंच राजाराम जाट, संतोष मोदी, प्रदीप लुणावत सहित कई लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी।

## 300 से अधिक मरीजों ने शिविर का लिया लाभ

**देवास।** पूर्व मंत्री स्व. तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर विक्रम सभाभवन, जवाहर चौक पर निःशुल्क दंत रोग एवं नेत्ररोग चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। वार्ड 38 पार्षद दिव्या नितिन आहूजा द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, अभा ब्राह्मण समाज पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, सिंधी समाज अध्यक्ष अनिल पंजवानी, पूर्व पार्षद बसंत चौरसिया, ममता मोदी, दिनेश भूतडा ने स्व. महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात पार्षद आहूजा ने सुप्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव (बीडीएस), सर्टिफाइड इम्प्लांटोलॉजिस्ट एवं डॉ. रूपल श्रीवास्तव (बीडीएस), एस्थेटिक एन्ड कॉस्मेटिक डेंटल सर्जन आदि का अभिनन्दन कर शिविर की शुरुआत कराई।

### तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने मुहिम जारी, चौड़ीकरण में बाधक निर्माण तोड़े

# रविवार को चलाई मुहिम में निगम और भवन के मालिकों ने 75 अवरोध ढहाए

### तीन दिनों में मार्ग के चौडीकरण मे बाधक बन रहे 183 निर्माण कार्यो पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के मुख्य मार्ग एमजी रोड पर रविवार को तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। इस अभियान के तहत कई घरों और दुकानों को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति ने अपना पूरा मकान तोड़े जाने का आरोप लगाया। इस दौरान उसकी आंखों में आंसू आ गए, जिससे मौके पर भावुक माहौल बन गया। कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष मनोज राजानी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है, जिससे उनके रहने और खाने की समस्या खड़ी हो गई है। राजानी ने आरोप लगाया कि व्यापारियों को निर्माण हटाने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है और सीधे मशीन से तोडफ़ोड़ की जा रही है। उन्होंने देवास को 'गाजा पट्टी' बनाने की बात कही और महापौर व सभापति से भी इस 'ड्रीम' प्रोजेक्ट पर सवाल उठाए। उन्होंने नगर निगम से व्यापारियों को टीडीआर देने की मांग की। प्रभावितों में से एक भोजराज आहूजा ने बताया कि उनका पूरा मकान गिरा दिया गया है, जिससे उनके पास रहने की कोई व्यवस्था नहीं बची है। उन्होंने ठंड के मौसम में बच्चों के परेशान होने की चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के तहत एमजी रोड का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

निर्माण कार्य के बाद यह सडक़ 15 मीटर चौड़ी हो जाएगी। बिजली लाइनें अंडरग्राउंड होंगी योजना के तहत सडक़ चौड़ीकरण के साथ ही बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इसके अलावा दोनों ओर व्यवस्थित नाले और एक सुव्यवस्थित बाजार के साथ जल्द ही एमजी रोड का नया स्वरूप देखने को मिलेगा। नगर निगम द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर के प्रमुख महात्मा गांधी मार्ग के चौडीकरण मे बाधक बन रहे 183 निर्माण कार्यो को हटाया गया। रविवार 16 नवम्बर को उक्त मार्ग पर लोगों द्वारा स्वेच्छा से अपने निर्माणों को तोडने की कार्यवाही भी की गई साथ ही निगम की टीम द्वारा निर्माणों को पौकलेण्ड, जेसीबी मशीनों एवं अन्य संसाधनों से हटाया गया। आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही का निरीक्षण भी किया गया तथा कार्यवाही की जानकारी ली गई। विगत शुक्रवार से चलाई गई मुहिम अन्तर्गत निगम द्वारा तीन दिवसों मे जनता बैंक चौराहे से सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा क्षेत्र से तहसील चौराहा एवं विशाल कुल्फी तक चौडीकरण मे बाधक बन रहे निर्माणों को हटाने की कार्यवाही की गई। जिसमे कई भवन मालिकों द्वारा भी स्वेच्छा से अपने निर्माण हटाये गये। निगम द्वारा हटाये गये निर्माणों के मलबे को भी हटाया जा रहा है। रविवार को चलाई गई मुहिम मे निगम एवं भवन मालिकों द्वारा 75 के लगभग निर्माणों को हटाया गया। जिसमे क्षेत्रिय भवन मालिकों द्वारा सहयोग करते हुये अपने निर्माणों को हटाया गया। विगत शुक्रवार से रविवार तक उक्त मार्ग के चौडीकरण मे बाधक बन रहे 183 के लगभग निर्माणों पर कार्यवाही की जा चुकी है। रविवार की मुहिम मे निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, विजय जाधव, सुर्यप्रकाश तिवारी श्याम सुन्दर रघुवंशी, जीवन रातव, भूषण पवार, हरेन्द्रसिह ठाकुर व निगम का गैंग की अमला शामिल रहा।



## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी

### बीएलओ घर-घर जाकर वितरण कर रहे फॉर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य किया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म का वितरण किया जा रहा है तथा मतदाताओं को पूर्ण जानकारी दी जा रही है। जिले में कुल 12 लाख 43 हजार 780 मतदाताओं को कुल 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त 1426 बीएलओ द्वारा गणना पत्रक दो प्रतियों में प्रदाय किया जा रहा है।

इसे पूर्णतः भरा जाकर बीएलओ को वापस किया जायेगा, एक प्रति बीएलओ द्वारा पावती स्वरूप मतदाता को वापस दी जावेगी।उन्होंने बताया कि जिले में मतदाताओं को मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी ऑनलाइन बीएलओ एप पर दर्ज की जा रही है। उपरोक्त कार्य निरंतर 04 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के वार्ड कर्मचारियों, दरोगा, राजस्व निरीक्षक को भी नियुक्त किया गया है।विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है।

जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किये जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

## देवास बरोठा रोड पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार से बढ़ रहे हादसे

**देवास।** देवास-बरोठा रोड पर ग्राम राजोदा के समीप शनिवार रात एक गंभीर सड़क हादसे में बाइक सवार रवि सोलंकी, पिता स्व. भारत सोलंकी, निवासी ग्राम बरखेड़ी, जिला देवास की तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर लगने के कारण दर्दनाक मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक के साथ आक्रोश भी व्याप्त है। घटना के बाद हाटपिपल्या विधानसभा युवा अध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान तुरंत मौके पर पहुँचे और डायल 112 की सहायता से गंभीर रूप से घायल रवि को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहन टोल टैक्स से बचने के लिए तेज रफ्तार में दौड़ते हैं, जिससे यह रोड लगातार हादसों का केंद्र बना हुआ है। कई शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि रवि सोलंकी अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे, और उनके निधन के बाद घर में केवल वृद्ध मां और पत्नी ही शेष रह गई हैं। परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों और समाजजनों ने मांग की है कि भारी वाहनों की इस मार्ग पर अनियंत्रित आवाजाही पर तत्काल रोक व नियंत्रण लगाया जाए, राजोदा के आसपास स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, स्ट्रीट लाइट और रिफ्लेक्टर तत्काल लगाए जाएँ, ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमित गश्त एवं गति नियंत्रण की व्यवस्था की जाए।

## 36वीं राज्य स्तरीय आटिया पटिया चैंपियनशिप का शुभारंभ

**देवास।** जिला आटिया पटिया एसोसिएशन एवं सतपुड़ा एकेडमी के संयुक्त तथावधान में आयोजित 36 वीं आटिया पटिया चैंपियनशिप का शुभारंभ सतपुड़ा एकेडमी खेल ग्राउंड पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व शतरंज एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर पंडित, तथा विशेष अतिथि समाजसेवी मोहित शर्मा एवं विशेष अतिथि प्रगति क्लब के उपाध्यक्ष शिवनारायण टांडी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पंकज वर्मा, पवन यादव, रागिनी चौहान, मयूरी वर्मा, सोनू विश्वकर्मा, सोनाली कुशवाहा, आरती कुशवाहा, बेबी सिंह, प्रियांशी चौधरी, देव चौधरी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बालक एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का स्वागत किया मुख्य अतिथि सुधीर पंडित ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया। मोहित शर्मा ने कहा कि सतपुड़ा एकेडमी द्वारा किया गया यह सफल आयोजन देवास सहित संपूर्ण क्षेत्र में खेलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया एवं आभार राजीव श्रीवास्तव ने माना।

# बागली अंचल प्रेस क्लब का मिलन समारोह कलेक्टर की उपस्थिति में हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली मुख्यालय पर एक निजी गार्डन में प्रेस क्लब अंचल बागली का वार्षिक मिलन समारोह कार्यक्रम पहली बार जिला कलेक्टर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह,जनसंपर्क विभाग अधिकारी आकाश जैन कार्यक्रम में मौजूद रहे। मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अंचल अध्यक्ष बाबू हनवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। प्रेस क्लब सदस्यों द्वारा पत्रकारिता को लेकर जिला कलेक्टर से कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि प्रशासन एवं पत्रकार एक सिक्के के दो पहलू है, दोनों एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। इसलिए दोनों को आपसी तालमेल बनाकर काम करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र की पत्रकारिता काफी संघर्ष और चुनौती भरी होती है। ऐसे में प्रशासन सभी पत्रकारों के साथ है। जनसंपर्क अधिकारी जैन ने सभी पत्रकारों को आश्वासन दिया कि जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जो भी मदद ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की हो सकेगी। हर संभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अंचल के सभी पत्रकार साथी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मप्र विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ द्वारा कंपनी स्तर पर क्रांति सूर्य जननायक बिरसा मुंडाजी का 150वां जन्मोत्सव मनाया गया।

इन्दौर, देवास, उज्जैन एवं आसपास के सभी जिलों से कर्मचारी एकत्रित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंजी. गजरा मेहता कार्यपालक निदेशक एवं विशेष अतिथि एसएल करवाडिया मुख्य अभियंता, एनएस मंडलोई मुख्य अभियंता, डीके गाठे अधीक्षण यंत्री, आरबी दोहरे अधीक्षण यंत्री, शालिनी वासनिक कार्यपालन यंत्री एवं अतिथि के रूप में एसएस मौर्या प्रिंसिपल, मुजाल्दा, सुनीता बघेल, जीपी साकेत, टोडरसिंह परते, एसके सूर्यवंशी, राजेश अनुरागी, पृथ्वीराज चौधरी, जगदीश एस. अस्ताया, ऋषिराज ठाकुर, दिलीप चंद्रोले, रणजीत परमार, जितेन्द्र नागदिया, राजेन्द्र मदुराज, एमएल खरे, जगदीश चौहान, सुनील कर्मा, रणछोड अस्ताया, संजय सोनोने मौजूद रहे। कर्मचारियों ने सैकड़ों की संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य रूप दिया।

मेहता का उद्बोधन क्रांतिकारी रहा। गाठे ने कर्मचारियों को इमानदारी से काम करने हेतु प्रेरित किया गया। कांटाफोड़ देवास से टोडरसिंह के नेतृत्व में आई बालिकाओं ने आदिवासी शानदार डांस प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संजय खरात ने दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यदेव जयसिंह प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा की गई। संचालन नमेश भोंडेकर ने किया एवं आभार प्रेमसिंह कनेश ने माना।

### एसआईआर के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रभारी पांडे और जैन ने कांग्रेस के बीएलए को दिया प्रशिक्षण

# 4 दिसंबर तक अपने पोलिंग की मतदाता सूची का पुनरीक्षण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को लेकर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी को लेकर कांग्रेस द्वारा एक-एक मतदान केंद्र पर बी.एल.ए. की नियुक्ति की गई है। बी.एल.ए. को किस तरह से काम करना है, इसके लिए शहर जिला कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर रोड स्थित जीतमल गार्डन में आयोजित किया गया, जिसमें समस्त बी.एल.ए. ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी सतीश पांडे एवं अविरल जैन ने संबोधित करते हुए मतदाता सूची में नाम को लेकर विस्तार से अपनी बात कही। वहीं बताया कि हमें सिर्फ जो फार्म दिए गए हैं उन्हें भरकर देना है। ध्यान रहे, यह कार्यक्रम एक निश्चित समय के लिए रखा गया है। हमें हर हाल में 4 दिसंबर तक अपने-अपने पोलिंग की मतदाता सूची का पुनरीक्षण करके रखना है। अगर मतदाता सूची हमारी सही बन जाएगी तो निश्चित रूप से आने वाले समय में हमें इसका लाभ मिलेगा। साथ ही कहा कि 4 दिसंबर के बाद मतदाता सूचियों का कार्य अंतिम रूप से होगा, जिसमें हमें विशेष रूप से ध्यान रखना है। आप सब अपने-अपने बी.एल.ओ. से संपर्क करें, उनके साथ जुड़कर अपने क्षेत्र के मतदाताओं के नाम का वेरीफाई कर लें। जो नाम छूट गए हैं उन्हें जुड़वां लें, जो नहीं हैं ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित करने के लिए अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान दोनों प्रशिक्षकों ने आए हुए बी.एल.ए. के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए और उन्हें काम करने का तरीका भी समझाया। सर्वप्रथम शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजन मनोज राजानी, राजेंद्र मालवीय, प्रदीप चौधरी, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, गुरचरण सिंह सलूजा, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, मंसूर शेख, शहंशाह मिर्जा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जाहिद पठान ने किया और आभार सुजीत सांगते ने माना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वंदना पांडे, उमेश झवर, पोप सिंह परिहार, ज्ञान सिंह दरबार, जितेंद्र गोड, कल्याण पवार, ईशान राणा, परवेज शेख, रूपेश कल्याने, बिल्लू नागर, इम्तियाज शेख भल्लू, अनिल गोस्वामी, राहुल पवार, मनोज हेतावल, राजेश राठौर, अविनाश जेठवा, गोवर्धन देसाई, प्रतीक शास्त्री, पूनम चंद हरोड़े, दिग्विजय झाला, राजेश डागी, वीरेंद्र परदेसी, राजेंद्र बेदी, मनोज सागते, प्रवीण शर्मा, मुकेश शर्मा, गजेंद्र तोमर, मुन्ना सरकार, नरेश बैरागी, सुभाष वर्मा, पवन श्रीवास्तव, अपूर्व मंडल, प्रणय सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के इको क्लब द्वारा महाविद्यालय की आईक्यूऐसी समिति के माध्यम से,पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा के मार्गदर्शन में हुआ। इको क्लब प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया इस स्लोगन प्रतियोगिता में बी एस डब्ल्यू, एम एस डब्ल्यू के 50 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।जन अभियान परिषद देवास के जिला समन्वयक सचिन सीपी ने उपस्थित छात्र छात्राओं को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती के समापन वर्ष - जनजातीय गौरव के बारे में सभी को जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में इनकी भूमिका को हम भुला नहीं सकते।

इस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा,इस स्लोगन प्रतियोगिता को आयोजित करने में विशेष सहयोग मेंटर दिनेश उपाध्याय, पूजा बैरागी,सचिन परमार का रहा।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक मनोज के आवास पर की गई। जिसमें पिछली प्रांत बैठक में जो जिले के महत्वपूर्ण पदों पर घोषणाएं हुई उनमें राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री कीर्तिमान बुंदेला, सौम्या राजा बुंदेला ओजस्विनी जिलाध्यक्ष, दीपेश राय जिला मीडिया प्रभारी, अंकुर रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष, सुबोध जैन जिला व्यापार परिषद जिला अध्यक्ष, मानसिंह चंदेल जिला उपाध्यक्ष की घोषणा मुख्य रूप से हुई। इस दौरान भगवान सिंह बुंदेला प्रांत कार्य अध्यक्ष, अभिषेक पांडेय प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, मनोज कामरेड हिंदू हेल्पलाइन प्रांत महामंत्री, जिलाध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री शंकर चंदेल, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा मौजूद रहे।

### रोहित राठौर प्रदेश सचिव नियुक्त

**ललितपुर।** समाजवादी राठौर साहू महासभा संगठन ने सामाजिक सेवा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश महासचिव मोहर सिंह राठौर द्वारा पूर्व पार्षद रोहित राठौर को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान एवं संगठनात्मक क्षमताओं को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उनसे अपेक्षा की गई है कि समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। समाज के लोगों को राजनीतिक व सामाजिक रूप से जागरूक करने में योगदान देंगे।

### एबुंलेंस ईएमटी व पायलट ने बचाई युवक की जान

**ललितपुर।** शाम की शाम करीब शाम 6 बजे थाना ललितपुर क्षेत्र अंतर्गत मैलवाराखुर्द निवासी 40 वर्षीय जगदीश राय पुत्र कनाई ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जगदीश की हालत बिगडने पर परिजनों ने तत्काल 108 एबुंलेंस के लिए फोन किया। मौके पर पहुंची एबुंलेंस ने प्राथमिक उपचार दिया। ईएमटी हरिशंकर व पायलट अखिलेश ने मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुये सावधानीपूर्वक जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां रास्ते में ईएमटी जगदीश की स्थिति पर निगरानी रखे रहे और आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की। एंबुलेंस टीम की तत्परता और तेज़ी के चलते मरीज को जिला अस्पताल में सुरक्षित भर्ती करा दिया गया।

### ससुरालियों से प्रताड़ित महिला ने दर्ज कराई एफ़आईआर

**ललितपुर।** महररौनी के ग्राम समोगर निवासी मानसी बिल्थरे ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 15 जुलाई 2024 को शिवम देवलिया पुत्र अशोक देवलिया के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी। शादी में उसके पिता ने अपने सामथ्र्य के अनुसार दान दहेज देकर शादी की थी, उसी समय से उसके ससुरालीजन में पति शिवम, सास उमा वैद्य, जेठ अम्बेश देवलिया आये दिन प्रताड़ित करते हुये उसे शादी में पिता द्वारा दिये गये 51 हजार रुपये का उलाहना देने लगे। आरोप है कि उसे समोगर में मारपीट कर पैरों में झाडू मारी, मुंह में मिटटी भरी और महरौनी में भी कमरे में बंद कर मारपीट की गयी। तब उसने अपने पिता को बुलवाया मैं अपने पापा के साथ शाहगढ़ अपने मायके गयी थी। उसके बाद उसके माता-पिता ने मुझे उसकी ससुरालवालों के कहने पर उसकी बुआ के घर ग्राम पठा विजैपुरा भेज दिया, तब से लेकर आज तक उक्त ससुराली उसे धमका रहे हैं। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर युवक को धमकाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम बिजरौठा अंतर्गत मजरा नोर निवासी राजू कुशवाहा पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को आम रास्ता की नाले की पुलिया पर बैठा हुआ था, तभी गांव के राजकुमार उर्फ भोला पुत्र रतनलाल कुशवाहा, महिरवान पुत्र बाबूलाल कुशवाहा ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

---

कोर कमेटी की बैठक में स्मार्ट मीटरों के बिल न आने पर भी जताई चिंता

# व्यापारियों का उत्पीड़न किसी दशा में बर्दाश्त नहीं होगाः व्यापार मंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उप्र उद्योग व्यापार मंडल की मासिक कोर कमेटी की एक बैठक प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में जगदीश मार्केट व्यापार मंडल कार्यालय पर संपन्न की गई, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं एवं उनके किए जा रहे हैं उत्पीडन एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा शीघ्र ही एक भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय किया गया। कोर कमेटी की बैठक में महरौनी के बानपुर चौराहे पर किराना व्यापारी आसाराम एवं मथुरा प्रसाद प्रजापति के साथ समान उधार न देने पर दुकान से बाहर घसीट कर अराजक तत्वों द्वारा मारपीट की गई तथा पुलिस को रिपोर्ट करने पर पुनः बर्बरता पूर्ण तरीके से मारपीट कर मरणासन्न किया गया जिसकी पुनः महरौनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई, रिपोर्ट दर्ज होने के पश्चात भी अराजक तत्व खुलेआम पीड़ित व्यापारी को धमका रहे हैं और व्यापारी इतना दहशत में है। अपना प्रतिष्ठान भी नहीं खोल पा रहा है। घटना की कटु शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और व्यापारी को सुरक्षा प्रदान कराए जाने की मांग की गई।

### सैकड़ों उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगाने को विवश हैं

कोर कमेटी की बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए प्रीपेड मीटर में मैसेज न पाने के कारण उपभोक्ता अपने बिलों को जमा नहीं कर पा रहा है और उनका कनेक्शन सिस्टम से स्वत कट जा रहा है, जिससे सैकड़ों उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगाने को विवश हैं और घर एवं दुकानों पर अंधेरा होने के कारण विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है जो कभी भी जन आंदोलन का रूप ले सकता है। संगठन ने उपभोक्ताओं से अपील की कि जिनके प्रीपेड मीटर है और उनकी अचानक बिल भरने के अभाव में लाइट कट जाती है तो मीटर में एक सामने की ओर बटन लगा हुआ है जिसे 30 सेकंड तक दबाने पर 24 घंटे के लिए लाइट आ जाएगी और इसी बीच में आप अपनी समस्या का समाधान विभाग से कर लें। कोर कमेटी की बैठक में सभी जिले, नगर ,युवा के पदाधिकारी से अपील की कि वह अपने दायित्व को समझें और अपने दायित्व के अनुसार संगठन को मजबूत करें और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू, प्रदेश मंत्री नवीन सिंघई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश सतभैया, अभय जैन एड., प्रीतम सराफ, मनोज जैन, रामप्रकाश साहू, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, नगर युवा महामंत्री राहुल मोदी, जयनारायण शर्मा, वीरेंद्र जैन कल्लू, उदयभान सिंह यादव, संतोष साहू खजुरिया, पार्षद आलोक जैन मयूर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

---

महा सफाई अभियान जारी

## वार्ड को स्वच्छ बनाने में सब करें सहयोग : अरविंद राजा

### गांधीनगर द्वितीय में प्लांट क्षेत्र किया स्वच्छ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वीर बुंदेली समाजसेवी संस्था द्वारा चलाए जा रहे सफाई महा अभियान के तहत आज गांधीनगर वार्ड नंबर 4 में जैन मंदिर के पीछे स्थित प्लांट परिसर की व्यापक सफाई की गई। संस्था सदस्यों ने मिलकर पूरे क्षेत्र से कचरा हटाया और स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजा ने स्थानीय लोगों से अपील की कि साफ किए गए क्षेत्र में पुनः कचरा न डालें और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान देवेंद्र यादव, अनिल पंथ, सोनू शुक्ला, राज जोशी, बृजेश पाल, हरिदास कुशवाहा, नितिन कटारे, जितेंद्र जोशी, भोगीराम साहू, रवि पंथ, विजेंद्र सिंह बुंदेला सहित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान देकर सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था का कहना है कि आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई अभियान जारी रहेगा।

---

फल वितरण किया

## सांसद अनुराग विश्वनाथ शर्मा का जन्मदिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

झांसी ललितपुर के भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी लोकसभा सांसद पं अनुराग विश्वनाथ शर्मा का जन्मदिवस नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह सुबह जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात भोजनालय में जरुरतमंदों को मुफ्त भोजन कराया गया एवं केक काटा गया।इस अवसर पर तुवन मंदिर प्रांगण में और कुछ अन्य जगहों पर मिष्ठान वितरण किया गया तथा ग्राम बम्होरी में सहरिया वस्ती में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन ने बताया कि हमारे आदरणीय सांसद अनुराग विश्वनाथ शर्मा नगर और जिले की प्रगति एवं विकास कार्यों हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अजय पटैरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार खटीक,बरिष्ठ नेता मुन्नालाल जैन सैदपुर, पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक रावत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, अनिल पटैरिया नील,अजय जैन साईकिल,विवेक जैन जिमि,महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला,सुरेश प्रकाश कोंते,ऋतिक कटारे,पार्षद अशोक कुमार पंथ,श्यामविहारी कौशिक, शोभित समैया,पंकज ताम्रकार, नवीन जैन, आलोक चतुर्वेदी, राजदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

---

यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

## कार के शीशे से काली फिल्म उतरवाई, समझाइश भी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशानुक्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 113 वाहनों का चालान किया गया, जिसमें ब्लैक फिल्म लगे 16 वाहनों के चालान किये गये। साथ ही जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

---

प्रोजेक्ट नई किरण ने कराया पुनर्मिलन

## परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया। एक परिवार खुशी-खुशी साथ- साथ रहने को तैयार हो गये, वहीं 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव शर्मा, एड. अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन, महिला आरक्षी आराधना आदि का विशेष सहयोग रहा।

---

शहजाद नदी पुल का निर्माण अतिशीघ्र हो

## प्रस्तावित पुल की ऊंचाई मानक अनुरूप रखेंः बुवि सेना

**ललितपुर ।** स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना की आवश्यक बैठक बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर शहर के बीचों बीच स्थित शहजाद नदी के प्रस्तावित पुल निर्माण में हो रही देरी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि शहजाद नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण शीघ्र अतिशीघ्र शुरू किया जाना चाहिए क्योंकि अभी समय अनुकूल है बाद में गर्मी और फिर बरसात के मौसम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हर साल बरसात के मौसम में शहजाद नदी में बाढ़ के कारण लोगों को भारी



परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे स्थित नर्सिंग होम, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा धार्मिक स्थलों को ध्यान में रखकर पुल निर्माण किया जाए कि गोविन्द सागर बांध के पूरे गेट साइफन खुलने के जिस सर्वाधिक ऊंचाई तक बाढ़ का पानी आता हो पुल की ऊंचाई उसी के अनुरूप रखी जाना न्यायोचित होगा। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि इसके अलावा शहजाद नदी में आने वाली सड़ांध और बदबू से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। खुले में शौच और जलकुम्भी के अलावा नदी में खुलने वाली नालियों से आने वाले गन्दे पानी के कारण मच्छर और तमाम संक्रामक बीमारियों के कीटाणु पनप रहे है नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नदी की सफाई नियमित सुनिश्चित की जाये। अन्यथा की स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। बैठक में बु.वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक , राजकुमार कुशवाहा , मुन्ना त्यागी , प्रदीप साहू , गफूर खां , सुजीत धानुक आदि मौजूद रहे।

---

प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थी

## कच्चे रास्ते में फंसी ट्रैक्टर-ट्रॉली में दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विकास खण्ड मड़ावरा क्षेत्र में एक महिला ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में बच्ची को जन्म दिया है। यह घटना ग्राम गोठरा के समीप तब हुई जब महिला प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जा रही थी। खराब रास्ते के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई, जिसके चलते मजबूरन वहीं प्रसव कराना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है।

जानकारी के अनुसार, आकांक्षात्मक ब्लॉक मड़ावरा की ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा गोठरा निवासी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली से मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर बदहाल कच्चे रास्ते में ट्रॉली फंस गई।

ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे तक उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी दौरान लक्ष्मी दर्द से कराहती रही। मजबूरी में लक्ष्मी की सास ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही प्रसव कराया, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। ग्रामीणों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। गोठरा गांव घने जंगल के बीच स्थित है। गोठरा से ग्राम ठनगना के बीच लगभग 7 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है, जिस पर पक्की सड़क का अभाव है। इस कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पातीं। ग्रामीणों को अस्पताल जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है। जंगल में खूंखार जानवरों की मौजूदगी भी ग्रामीणों के लिए एक अतिरिक्त खतरा बनी रहती है।

यह उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा हीरापुर, पापड़ा, गोठरा और बारई आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों में बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हालांकि, बिजली की समस्या से निपटने के लिए कुछ समय पहले शासन-प्रशासन ने सोलर ऊर्जा से बिजली की व्यवस्था की थी।

---

बाइक की टक्कर से घायल हुआ था

## ग्वालियर के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत पोस्ट घिसौली के ग्राम बधौरा में रहने वाली सुनीता ने रिपोर्टिंग चौकी राजघाट पुलिस को तहरीर दी है। तेईस अक्टूबर को दोज का टीका करने के लिए अपने मायके ग्राम थनवारा गयी हुयी थी। रात करीब 10.30 बजे पति मनीराम पुत्र रामलाल अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.93 ए.एस. 9350 से ढावा पर से खाना खाकर वापस आ रहा था। राजघाट नहर के पास तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की ओर आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.डी. 8226 के चालक ने पीछे से ओवर टेक करते वक्त साइड से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। थनवारा निवासी विनोद पुत्र पूरन व मिर्चवारा निवासी देवेन्द्र पुत्र गंगाराम ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उनके पति को चिकित्सकों ने मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया, जहां हालत में सुधार न होते देख झांसी से उन्हें ट्रामा सेंटर ग्वालियर रेफर कर दिया। ग्वालियर में उपचार के दौरान 29 अक्टूबर को रात 8 बजे उसके पति की मौत हो गयी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर भाजपा ने किया कार्यक्रम

## एक भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत यूनिटी मार्च निकाला

**ललितपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर चल रहे एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत यूनिटी मार्च पद यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन तुवन मंदिर से लेकर स्वामी ब्रह्मानंद संस्थान महेशपुरा तक यूनिटी मार्च के रूप में हुआ। मार्च में पदयात्री हाथों में आत्मनिर्भर सम्बन्धित वैनर, पोस्टर,दफ्ती लिए हुए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे । पद यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू थे जो भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के साथ इस यात्रा का नेतृत्व भी कर रहे थे ।यह पद यात्रा तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बर्णी चोराहा,स्टेशन, नेहरू नगर,जुगपुरा,होते महेश पुरा होते स्वामी



ब्रह्मानंद संस्थान में पहुंची जहां पद यात्रा के उपरांत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे ने की। जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने यात्रा समापन के बाद हुई बैठक में कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने पांच सौ पैंसठ रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक राष्ट्र श्रेष्ठ भारत का सपना साकार किया था। सरदार वल्लभ भाई पटेल के लिए तात्कालिक कांग्रेस सरकार ने उनके कद के अनुरूप सम्मान नहीं दिया था। यहां तक कि नेहरू परिवार ने खुद भारत रत्न ले लिया लेकिन सरदार बल्लभ भाई पटेल को नहीं दिया जिन्हें भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकाल में उनकी मृत्यु के चवालीस वर्ष बाद प्रदान किया था।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि यह यात्रा भाजपा की न होकर अपितु सारे भारतवासियों की है जो चाहते हैं भारत आत्मनिर्भर वने । मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा भारत के जिस महापुरुष के ऊपर विश्व के कई देशों के विश्वविद्यालयों में शोध कार्य किया गया । उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में यूनिटी मार्च यानि एकता यात्रा निकली है उस में जिस तरह से बच्चों, बच्चियों, किशोरों,एन सी सी के केडरों ने आठ किलोमीटर की लम्बी यात्रा में सहभागिता की जो अद्वितीय है और भावी एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने साकार होने का द्योतक है।

बिरसा मुंडा जयंती पर मोगिया गौंड आदिवासी समाज का जिले भर में हुए आयोजन

# हाथों में तीर-कमान लेकर नाचते गाते निकाला भव्य चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

आदिवासी समाज के आराध्य भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मप्र मोगिया गौंड आदिवासी समाज के तत्वावधान में मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले भर से आए समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा, बच्चे स्थानीय मंगल भवन में एकत्रित हुए जहां से दोपहर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मोत्सव को पर्व की तरह मनाते हुए चल-समारोह में साथ चल रहे समाजजन हाथों में तीर-कमान इत्यादि लेकर चल रहे थे। मंगल भवन से आरंभ हुआ यह जुलूस पोस्ट ऑफिस रोड, एसपी बंगला रोड, जेल रोड, मेन मार्केट से होते हुए पुनः मंगल भवन पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चल-समारोह में शामिल प्रबुद्धजनों का पुष्पवर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। चल-समारोह के गंतव्य पर पहुंचने पर एक आमसभा आयोजित की गई।

### समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर दिया जोर

मंगल भवन में आयोजित सभा के दौरान वरिष्ठजनों द्वारा समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के उन्मूलन एवं शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इस दौरान समाजजनों ने कहा कि हमें एकजुट होकर रहना होगा और कभी किसी परिवार पर कोई दिक्कत या परेशानी आए तो पूरा समाज एकजुटता के साथ उसके साथ खड़ा रहेगा। सभा के उपरान्त दरियाव सिंह सौलंकी एवं सीमा कृष्णपाल सिंह सौलंकी द्वारा सभी समाजजनों के लिए सहभोज आयोजित करवाया गया।

### बिरसा मुंडा जयंती पर निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

ब्यावरा में भी बिरसा मुंडा की जयंति के उपलक्ष में ग्राम पंचायत पीपल हेला में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन भोपाल सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया, जिसमें 90 लोगों की आँखों की जांच की गई। जिसमें मतियाबिन ऑपरेशन के लिए भोपाल सेवा सदन रेफेर किया गया। इस जनसेवा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। सरपंच रामचंद्र नागर, मंत्री रामप्रसाद कारपेंटर एवं सचिव सुनील कुमार नागर ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आँखों की जांच कराई। डॉक्टरों ने आँखों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपचार संबंधी जानकारी, सावधानियां तथा आगे की चिकित्सा प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। इस नेत्र शिविर ने बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम पंचायत में जनजागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा का उत्कृष्ट संदेश दिया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। इस मौके पर समाज सेवी संस्था खुशियों का ओटला की टीम ने अहम योगदान दिया, संस्था के संचालक डॉ सुरजीत सिंह, काजल सिंह, डॉ धर्मेंद्र यादव, मोहन दांगी,पायल राधिका जाटव सोनम खान, सुष्मिता देव, कनक हर्षिता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जन अभियान परिषद ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



सारंगपुर में महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम लोठिया में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बद्रीलाल बामनिया, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में लोकेश नाहर , विजय बना, सियाराम पाटीदार सिद्धनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि बामनिया ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने कम उम्र में अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे जबरन धर्मांतरण का विरोध किया और शिक्षा काल में ही स्कूल छोड़ कर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। उनके संघर्ष से भयभीत होकर अंग्रेजी शासन ने उन्हें झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया, जहां अत्याचारों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा जी के विचारों और साहस से प्रेरणा लेकर समाज निर्माण, एकता और राष्ट्रहित के कार्यों में आगे आएं।

अभियोजन के सबूतों पर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

# रंजिशन घर में आग लगाने वाले दोषियों को 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

साल 2024 में कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम सेमलाबे में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के मकान में आग लगाने वाले 3 दोषियों को कोर्ट ने तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों दोषियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। अभियान पक्ष द्वारा प्रस्तुत सबूतों, गवाह एवं बयानों के आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है।

### क्या था पूरा मामला

लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि मार्च 2024 में सेमलाबे ग्राम निवासी मनोहरबाई ने रिपोर्ट लिखवाई की रात्रि में वे अपनी सास के साथ घर में सो रही थीं। तभी अचानक प्रेमसिंह पिता घुलीलाल, रतनलाल पिता धुलीलाल निवासी भियांपुरा एवं बबलू पिता लालसिंह निवासी सेमलाबे आए। अभियुक्तों के हाथ में केरोसीन की कैन थी। फरियादी मनोहरबाई अचानक जागी और पूछा कि हमारे घर क्यों आए हो। इस पर उन्होंने कहा कि तुमने हमारी रिपोर्ट थाने में की है, अब उसकी सजा भुगतनी पड़ेगी। पहले तीनों अभियुक्तों ने घर के पास पड़े घांस में आग लगाई और उसके बाद टापरीनुमा घर को आग के हवाले कर दिया। घटना में मकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत से जनहानि होने से बच गई। घटना के बाद फरियादिया मनोहरबाई ने कालीपीठ थाने पहुंचकर तीनों अभियुक्तों पर एफआईआर दर्ज करवाई। न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने पर अभियोजन पक्ष के गवाहों, बयानों, सबूतों इत्यादि के आधार पर गत दिवस सत्र न्यायाधीश ने तीनों दोषियों प्रेमसिंह, रतनलाल एवं बबलू को 3-3 साल के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया है।

## समाजोत्थान व कुरीतियों के उन्मूलन के लिए दांगी समाज की बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने, युवा शक्ति को संगठित करने और दांगी समाज के समग्र उत्थान के उद्देश्य से दांगी समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को राजगढ़ ब्लॉक में आयोजित की जा रही है। यह बैठक स्थानीय खुजनेर रोड पर दांगी समाज की प्रस्तावित धर्मशाला स्थल पर आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिलेभर के सामाजिक युवा प्रतिनिधि, वरिष्ठ जन और सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसके पूर्व प्रस्तावित धर्मशाला स्थल से पूर्व सैनिकों द्वारा शौर्य यात्रा निकाली जाएगी जो खिलचीपुर नाका से बायपास होते मुख्य बाजार, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए धर्मशाला स्थल पहुंचेगी जहां सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में धर्मशाला निर्माण के साथ सामाजिक कुरीतियों जिसमें बाल सगाई, बाल विवाह मुक्त समाज, झगड़ा-कुप्रथा मुक्त समुदाय सहित नुक्ता ओर शैक्षणिक स्तर में ओर बेहतर प्रबंधन पर चर्चा होगी। बैठक में दांगी क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी सहित जिला और प्रदेश के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## कायस्थ समाज उत्थान पर प्रकाश डाला

**कुरावर।** नगर में अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद मध्य प्रदेश द्वारा सामाजिक उत्थान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता सक्सेना रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अरुण सक्सेना की। कार्यक्रम कि शुरुआत भगवान चित्रांश की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना एवं सुधा सक्सेना ने पगड़ी पहनाकर फूल माला व श्रीफल भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। जिसमें सभी कायस्थ समाज बंधुओ ने समाज उत्थान पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अशोक सक्सेना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, अजय सक्सेना प्रदेश प्रभारी एवं सुनील सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष, जगदीश सक्सेना प्रदेश सचिव, नरेंद्र लाला प्रदेश कार्यकारी सदस्य, राजेश सक्सेना युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र सक्सेना शुजालपुर संभागीय संगठन मंत्री आदि समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिकायत के बाद भी नहीं ले रहे सुध

## फूटी पाइप लाइन से बह रहा पानी, वार्डवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर



सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर नल जल योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए नल के कनेक्शन दिए गए हैं। वहीं दूसरी और नल जल को अधिक से अधिक सुरक्षित करने के लिए हर साल करोड़ों रुपए जल संचयन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे हैं, इसके बावजूद जगह -जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। वार्ड 10 गायत्री कॉलोनी महेश पिपलोटिय गली में एवं महारानी लक्ष्मी रोड खातीं कुण्डी गली मोड़ पर टूटी पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़कों एवं नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है। गायत्री कॉलोनी में वार्ड वासियों महेश पीपलोटिया एडवोकेट आदि ने बताया कि यह पाइपलाइन पिछले 6 माह से लिंकेज पड़ी है। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी एवं पार्षद से मौखिक रूप से अवगत भी कराया परंतु कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं। महारानी लक्ष्मी रोड खातीं कुण्डी मोड़ पर भी दो महीने से पाइप लाइन में छेद होने से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। आने-जाने वाले स्कूली बच्चों एवं आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से गुजरने वाले टू व्हीलर, फोरविलर वाहनों के पहियों से उछल कर गिरने वाले गन्दे पानी से विवाद की स्थिति बनी रहती है ओर आने- जाने वाले स्कूल के बच्चे व लोग नगर परिषद को कोसते हुए निकलते हैं।

### इनका कहना है...

जल्दी ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को सुधारा जाएगा।

देवेंद्र वत्स, नपा सीएमओ

## गणेश चौक के समीप शिव - परिवार मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न



**राजगढ़।** स्थानीय मुक्तिधाम मार्ग स्थित गणेश चौक पर आगामी दिनों में भव्य अष्टमुखी शिव परिवार मंदिर बनकर तैयार होगा।

रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्य संपन्न करवाया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस कदम को एतिहासिक बताते हुए कहा कि अष्टमुखी शिव परिवार मंदिर नगर के धार्मिक महत्व एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाएगा। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि सभी की सामुहिक देखरेख में मंदिर का निर्माण कार्य करवाया जाएगा जिसमें भगवान की सुंदरतम, स्थापत्य कला से परिपूर्ण मनोहारी प्रतिमाएं विराजित करवाई जाएंगी। शिव ध्वजा को आसमान में लहराते हुए मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमिपूजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, हिन्दू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत, अनिल वाल्मीकि, सुधीर वर्मा, राहुल जोशी, सतीश बाथम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जया जायसवाल महिला क्लब की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनीं

**राजगढ़।** जायसवाल महिला क्लब की राष्ट्रीय अध्यक्ष निला उत्तम सुहालका ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति उपरान्त राजगढ़ की समाजसेवी जया जायसवाल को क्लब के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जया द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए समाज को संगठित करने एवं महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें यह नियुक्ति प्रदान की गई है। उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर समाजजनों, इष्टमित्रों सहित अन्य ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## उत्साह पूर्वक मनाया गया जनजाति गौरव दिवस



**कुरावर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में श्री गुरुजी सेवा समिति कुरावर द्वारा लर्निंग टेंपल स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के विकासखंड समाज में खजान सिंह ठाकुर द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि के रूप में जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ एमपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सक्सेना के साथ नगर पालिका परिषद सीएमओ एवं अन्य वरिष्ठ जनों के साथ स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात वक्ताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा और उनके भारतीय इतिहास में अमूल्य योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर हर्षो उल्लास के साथ जनजाति गौरव दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम पश्चात स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा तरह-तरह के व्यंजनों की दुकान लगाई गई जिसका भी अवलोकन कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि गणों ने किया।

## सेवा दिवस पर विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर वितरण



**नरसिंहगढ़।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को सेवा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर वितरण किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य बीडी सक्सेना ने जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। पहले चरण में 100 स्वेटरों का वितरण हुआ। इस दौरान विधायक ने विद्यालय परिवार के इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना की। साथ ही आश्वासन दिया कि शेष विद्यार्थियों के लिए स्वेटर वितरण हेतु वे स्वयं भी आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने एवं अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने का संदेश दिया और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी नर्मदा प्रसाद करनोदिया ने संगठन के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं विद्यार्थियों को रेड क्रॉस की प्रतिज्ञा भी दिलवाई।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में 8वीं निशुल्क तीर्थ यात्रा हुई रवाना

गुरुद्वारा साहिब से निकली बस, मां शारदा मैहर व बागेश्वर धाम पहुंचेंगे यात्री



**सारंगपुर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में स्व. यशवंतसिंह अरोरा की स्मृति में उनके पुत्र प्रमोद अरोरा के सहयोग से सामाजिक समरसता के उद्देश्य से 8वीं निःशुल्क तीर्थ यात्रा शनिवार को नगर के गुरुद्वारा साहिब से धूमधाम के साथ रवाना हुई। यात्रा में 51 तीर्थ यात्री शामिल हुए। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में यात्रा की सफलता एवं सकुशलता के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, लक्ष्मी नारायण चौहान, डॉ. ध्रुव भल्ला, संभाग उपाध्यक्ष व यात्रा संयोजक धर्मेंद्र वर्मा, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, शिव सिंह चौहान, प्रकाश दुबे, विष्णु प्रसाद जोशी, ओम पुष्पद, भावना निलेश वर्मा, अनिल पांडे सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। यात्रा संयोजक धर्मेंद्र वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बाबा बागेश्वर धाम के चित्र से सम्मान किया गया। ढोल-ढमाकों के बीच तीर्थयात्री जुलूस के रूप में गुरुद्वारा साहिब से निकले और महाराणा प्रताप चौराहा, नया बस स्टैंड, महात्मा फुले चौराहा, पुराना हाईवे होते हुए साईं मंदिर पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। साईं मंदिर पर अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को मैहर स्थित मां शारदा मंदिर एवं बागेश्वर धाम के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में अतुल सक्सेना, ओम प्रकाश सोलंकी, गुरुचरण गोड, गुंजन सोनी, गणेश प्रसाद शर्मा, श्याम कारपेंटर, जितेंद्र सोलंकी, रमेश चन्द्र गुजरिया, रामचंद्र पुष्पद, शिवनारायण पुष्पद सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष तीर्थयात्री उपस्थित रहे।

विद्या भारती ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया

# महिलाओं की भूमिका व पारिवारिक मूल्यों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा





स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में शनिवार को विद्या भारती के नेतृत्व में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाज, परिवार और राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा गुर्जर उपस्थित रहीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य बबीता मिश्रा और वर्षा मंगल ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा शामिल रहीं, जिन्होंने सप्तशक्ति जागरण विषय पर प्रभावशाली संबोधन दिया।

निवेदिता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के विकास एवं सभ्यता के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश की जीडीपी में महिलाओं की भागीदारी लगभग 17 प्रतिशत है, जिसे और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाएं शिक्षा, नीति, संस्कृति और परिवार को स्थिरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई हैं। विशेष अतिथि प्राचार्य बबीता मिश्रा ने संयुक्त परिवार व्यवस्था और भारतीय पारिवारिक मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती व्यक्तिगत प्रवृत्तियों के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे समय में परिवार को एकजुट रखने और बच्चों में सांस्कृतिक मूल्य स्थापित करने की जिम्मेदारी महिलाओं पर और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपनी भूमिका को सशक्त रूप में निभाते हुए समाजिक एकजुटता में योगदान दें। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वेद, पुराण, रामायण और महाभारत से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रकार सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम साबित हुआ, बल्कि समाज एवं परिवार में उनके योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः रेखांकित भी करता है।